कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्राशि/पंविप/5–8/दिशा निर्देश/2024 दिनांकः– 20.01.2025

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा (कक्षा–8), 2025 एवं
प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5), 2025
ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया

1. उपर्युक्त दोनों परीक्षाओं के ऑनलाइन आवेदन दिनांक 20.01.2025 से प्रारंभ किए जा रहे हैं।
2. राजकीय विद्यालय/राजकीय संस्कृत विद्यालय/मूक बधिर विद्यालय/अंध विद्यालय/निजी विद्यालय/मदरसों के संस्था प्रधान शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से अपने विद्यालय के कक्षा 5 एवं 8 के नियमित विद्यार्थियों के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरवायेंगे।
3. **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 05.02.2025 (बुधवार) रात्रि 11.59 बजे है। इस समय सीमा के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**
4. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि कक्षा 5 एवं 8 में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं की वांछित सूचनाएं सम्बन्धित पोर्टल पर विद्यालय अभिलेख के अनुसार शत–प्रतिशत सही हों। वे उक्त सूचनाओं की विशुद्धता सुनिश्चित करेंगे।
5. सम्बन्धित पोर्टल पर ऑनलाइन 'आवेदन पत्र मॉड्यूल' में प्रत्येक परीक्षार्थी की समस्त सूचनाएं प्रदर्शित होंगी। विद्यार्थी का विवरण विद्यालय अभिलेख के अनुसार मिलान होने पर ही आवेदन को सबमिट/लॉक किया जाना है। किसी भी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता होने पर सर्वप्रथम संस्था प्रधान शाला दर्पण/पीएसपी पोर्टल पर सम्बन्धित मॉड्यूल में वांछित संशोधन करेंगें तत्पश्चात् पुनः आवेदन की ऑनलाइन प्रक्रिया संपादित करेंगे।
6. परीक्षार्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने से पूर्व सुनिश्चित कर लें कि दोनों का साइज 5 से 50 **K.B.** के मध्य हो तथा वे **JPG/JPEG** फॉर्मेट में ही हो।
7. परीक्षार्थी के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड होने के बाद ड्राफ्टेड/प्रिव्यू आवेदन को व्यू टैब के माध्यम से डाउनलोड किया जाकर इसकी पुनः जांच की जावे।
8. ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रक्रिया के चरणः–
    - सर्वप्रथम शाला दर्पण पोर्टल के **5th & 8th Exam** टैब को क्लिक करें।
    - अब स्कूल लॉगिन के माध्यम से लॉगिन करें।
    - अब Exam Activity टैब पर उपलब्ध आवेदन पत्र लिंक पर क्लिक करें।
    - अब विद्यालय के कक्षा 5 एवं 8 के विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरें।
    - कक्षा के सभी विद्यार्थियों के आवेदन एक–एक कर भरे जाने हैं।
    - सभी आवेदन भरने के पश्चात् Exam Activity टैब के आवेदन स्थिति लिंक पर जावें।
    - यहां संबंधित कक्षा के सभी विद्यार्थियों के आवेदन की स्थिति जांचे।
    - सभी विद्यार्थियों के आवेदन होने के पश्चात् ही फाइनल लॉक करें।
    - अब आप कक्षावार आवेदन की समेकित सूची डाउनलोड व प्रिण्ट कर सुरक्षित रखें।
    - जब तक आवेदन पत्र पर एप्लीकेशन नम्बर प्रिंट ना हो तक तक आवेदन पत्र को सबमिट नहीं माना जायेगा। अतः आवेदन पत्र पर एप्लीकेशन नम्बर जनरेट करवाने का चरण अति महत्वपूर्ण है।
    - तत्पश्चात् सभी आवेदन पत्रों (एप्लीकेशन नम्बर युक्त) को भी प्रिण्ट कर सुरक्षित रखें।
9. परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन किए जाने की अन्य जानकारी के लिए विभागीय वैबसाइट http://education.rajasthan.gov.in एवं शाला दर्पण/पीएसपी वैबपोर्टल का निरंतर अवलोकन करते रहें।
10. **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन किये जाने से सम्बन्धित किसी प्रकार की असुविधा/समस्या/दुविधा होने की स्थिति में अपने जिले की डाईट अथवा ब्लॉक के सीबीईओ कार्यालय से सम्पर्क करें।**

(नरेन्द्र कुमार सोनी)
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्राशि/पंविप/5–8/दिशा निर्देश/2024 दिनांकः 20.01.2025

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. निजी सचिव, निदेशक, आरएससीईआरटी, उदयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. सचिव, मदरसा बोर्ड, राजस्थान, जयपुर।
6. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा विभाग समस्त।
7. वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.), एन.आई.सी. जयपुर।
8. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समस्त।
9. सिस्टम एनॉलिस्ट (एस.ए), निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को उक्त निर्देश विभागीय वैबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
10. उप निदेशक, शाला दर्पण, शिक्षा संकुल, जयपुर।
11. प्राचार्य डाईट समस्त को उपर्युक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने तथा सतत् प्रबोधन हेतु।
12. जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) मा.शि./प्रा.शि, समस्त को सतत् पर्यवेक्षण हेतु।
13. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समस्त को कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु।
14. संस्था प्रधान राजकीय/निजी/मदरसे/संस्कृत विद्यालय समस्त को समयबद्ध पालनार्थ।
15. रक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by Narendra Kumar Soni
Designation : District Education Officer
Date: 2025.01.20 14:45:32 IST
Reason: Approved

(नरेन्द्र कुमार सोनी)
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान, बीकानेर

RajKaj Ref No.: 13083682

कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्राशि/पंविप/5–8/दिशा निर्देश/2024 दिनांकः– 20.01.2025

–: प्रेस नोट :–

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा (कक्षा–8), 2025 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5), 2025 के ऑनलाइन आवेदन 20.01.2025 से प्रारंभ

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा (कक्षा–8), 2025 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5), 2025 के ऑनलाइन आवेदन दिनांक 20.01.2025 से प्रारंभ किए जा रहे हैं। समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों, संस्कृत विद्यालयों एवं मदरसों के संस्था प्रधान शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से विद्यालय में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकेगे। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 05.02.2025 (बुधवार) रात्रि 11.59 बजे है, इस तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(नरेन्द्र कुमार सोनी)
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान, बीकानेर

सादर प्रकाशनार्थः–

संपादक जी

.....

.....

Signature valid

Digitally signed by Narendra Kumar Soni
Designation : District Education Officer
Date: 2025.01.20 14:45:52 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 13083682